तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023



09 सरकार नागरिकों को घर बैठे उपलब्ध करवा रही योजनाओं का लाभ : सिंधु




10 भवन निर्माण कामगार यूनियन ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन




पूर्णतया स्वचालित रोबोटिक पद्धति द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण
न्यूनतम चीरा
तेजी से रिकवरी
बेहतर सफलता दर
कम दवा का सेवन
उच्च सटीकता
डॉ प्रसून कामरा
MBBS, MS Orthopaedics
M.Ch. (USAIM)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सबसे अधिक जोड़ प्रत्यारोपण का अनुभव
TPA, INSURANCE
कार्ड धारकों के लिए कैशलैस सुविधा।
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
सर्वेश हेल्थ सिटी में
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए
हृदय रोगियों में छल्ले डालना (स्टेंट), बाईपास सर्जरी व जोड़ प्रत्यारोपण और किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस की कैशलैस सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ अभिषेक गुप्ता
MBBS, MD, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ
3000 से अधिक (Procedures)
डॉ कपिल मिनोचा
MBBS, MS, MCH (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक व वैसकुलर सर्जन
2000 से अधिक सफल ऑप्रेशन का अनुभव
डॉ दीपशिखा मेनन
MD, FNB,
(Cardiac Anaesthesia) FIACTA
कार्डियक एनेस्थिसिया विशेषज्ञा
सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
सर्वेश हेल्थ सिटी, सेक्टर-14,
सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
हेल्पलाइन नंबर: 6901 62 62 62
एमरजेंसी : 6901 63 63 63


# कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर लगाए शिविर में 67 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु के 57वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 67 युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं तथा वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वह अपने जन्मदिन पर इससे पुनीत और पावन कार्य की अपेक्षा नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन पर युवाओं ने अपनी ध्वनियों में बहने वाले रक्त का दान किया है और उनके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी अनजान की जान बचेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजकों व सहयोगियों का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर मृत्यु उपरांत नेत्र दान करने वाले लोगों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किए गए नेत्रदान से दो व्यक्तियों के जीवन में रोशनी आएगी और उन्हें सृष्टि व प्रकृति देखने का अवसर प्राप्त होगा।

## अपने जन्मदिन पर इससे पुनीत और पावन कार्य की अपेक्षा नहीं कर सकता था : कैप्टन अभिमन्यु




हांसी। रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान करते कैप्टन अभिमन्यु तथा रक्तदान करने वाले युवाओं की हौसलाफजाई करते कैप्टन अभिमन्यु व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## देश की 36 बिरादरी कमल खिलाने का काम करेगी

*पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में देश की 36 बिरादरी एक होकर के दोबारा कमल खिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक छोटा सा कार्यकर्ता होने के नाते उन्हें पता है कि आने वाले चुनाव वे पहले से भी ज्यादा बहुमत के साथ जीताने के लिए काम करेंगे और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम करेंगे।*

### यह रहे उपस्थित

मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया, अशोक कनौजिया, प्रेम वर्मा, डॉ. ईश्वर बडाला, प्रशांत लोहान व अशोक सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा : अभिमन्यु

कैप्टन अभिमन्यु ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि हरियाणा की जनता के मन में कोई सवाल बचा है। प्रदेश की जनता राष्ट्रवादी सोच की है। वह जानती है कि देश का उद्धार व देश का विकास मोदी के नेतृत्व में किस कदर हुआ है। पिछले साढे 9 वर्षों में देश के गरीब के कल्याण के लिए, देश के किसान व मजबूर की भलाई के लिए, देश के नौजवानों के रोजगारों के अवसरों को बढ़ाने के लिए, देश की महिलाओं को सुरक्षा व सुविधा देने के लिए और देश का पिछड़ा वंचित व शोषित वर्ग के कल्याण व उनकी समृधि के लिए जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासनकाल में किए है वो काम हिंदुस्तान में पहले कभी नहीं हुए थे। आज देश अंदर से खुश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। आज देश के सैनिक देश की रक्षा करते हुए न केवल सीमाओं पर मुस्तैदी से खड़े होते है बल्कि आवश्यक्ता पड़ने पर दूसरे देश की सीमाओं के अंदर जाकर देश के दुश्मनों पर हमला कर उन्हें निस्तानुबुद करने का काम करते हैं।

## खबर संक्षेप

### दो व्यक्तियों से 22 बोतल अवैध शराब बरामद

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कारवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को काबू कर 22 बोतल अवैध शराब बरामद की है। सदर पुलिस ने गश्त के दौरान सातरोड खुर्द से जिंदल कॉलोनी निवासी चंदर शेखर को 12 बोतल शराब सहित तथा मंगाली चौकी पुलिस ने कैमरी-मंगाली रोड से कैमरी निवासी विनोद से 10 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया।

### मकान से चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** एचएयू चौकी पुलिस ने एचएयू कैंपस स्थित मकान से नकदी, आभूषण और कागजात चोरी के मामले में राजीव नगर निवासी रवि को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से चोरीशुदा आभूषण और कागजात बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपित पर पहले भी चोरी के आठ मामले दर्ज हैं।

### संजय छिंपा दर्जी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**मंडी आदमपुर।** गांव सदलपुर निवासी संजय छिंपा को अखिल भारतीय दर्जी महासभा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। आदमपुर छिंपा समाज के प्रधान गोलू राम मिस्त्री ने बताया कि संजय छिंपा को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है तथा प्रदेश व जिलों की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। संजय ने इस नियुक्ति लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू नामदेव का आभार जताया है।



## शहरों में फैली गंदगी पर मुख्यमंत्री ने अपनाया कड़ा रुख

# माननीयों व अधिकारियों पर होने लगा सीएम की सख्ती का असर

- मेयर ने ली बैठक, आज करेंगे सफाई अभियान की शुरुआत
- अधिकारियों के निलंबन के बाद सफाई शाखा में देखी गई हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहरों में फैले कूड़ा कर्कट से जनता को हो रही परेशानी व बीमारियां फैलने के अंदेशे के चलते इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बरती जा रही सख्ती का असर अब अधिकारियों व माननीयों पर होने लगा है। खास बात यह है कि इस मामले को खुद मुख्यमंत्री देख रहे हैं और समय-समय पर अपडेट व बैठकें ले रहे हैं, जिसके चलते निगम अधिकारियों व माननीयों को जवाब देना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री की देखरेख का ही नतीजा है कि सफाई कार्य में कोताही बरतने के फलस्वरूप शहरों से कूड़ा उठाने के लिए दिए गए निर्देशों और सफाई के काम में कोताही बरतने पर करनाल नगर निगम के सचिव व लाडवा नगरपालिका के सचिव (अतिरिक्त प्रभार निसिंग नगरपालिका) अशोक कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### शहरों के लिए 20 को होगी बैठक

शहर की मार्केट की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने बारे भी अभियान चलाया जाएगा। इसमें शहर की मार्केट एसोसिएशन की 20 दिसंबर को नगर निगम कार्यालय में एक बैठक रखी गई है। इसके बाद शहर में सफाई अभियान को गति दी जाएगी।



हिसार। नगर की सफाई व्यवस्था बारे संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते मेयर गौतम सरदाना।

### मेयर ने शहरवासियों से मांगा सहयोग

*मेयर के अनुसार हमारा शहर स्वस्थ व सुंदर हो, यही हमारा प्रयास है। नगर निगम समय-समय पर सफाई अभियान चलाता है जिससे शहर से भारी मात्रा में कचरा निकाला जाता है। मेयर ने शहरवासियों से अपील की है कि सफाई अभियान में नगर निगम का साथ दें। खुले में कचरा न डालें और कचरा नगर निगम की गाड़ी में ही डालें।*

### निलंबन के बाद और एक्टिव हुआ निगम

*मुख्यमंत्री के आदेशों को गंभीरता से न लेने पर करनाल नगर निगम के सचिव व लाडवा नगरपालिका के सचिव (अतिरिक्त प्रभार निसिंग नगरपालिका) अशोक कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जैसे ही सफाई के मसले पर अधिकारी के निलंबन की खबरें आईं, तो नगर निगम के अधिकारी भी सक्रिय हो गए। इसके बाद ही मेयर ने भी बैठक ली वहीं सफाई शाखा के अधिकारियों में खलबली देखी गई। सरकार ने इन अधिकारियों के निलंबन आदेशों में स्पष्ट लिखा है कि औचक निरीक्षण कर सफाई के कार्यों का जायेजा लिया जा रहा है और कमी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।*

### मुख्यमंत्री खुद ले रहे दिलचस्पी

शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करके नागरिकों को गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद दिलचस्पी ले रहे हैं। इसी के चलते लगभग डेढ़ माह पहले मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगमों, नगर परिषदों व पालिकों को अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।

### छापेमारी के बाद जागे अधिकारी

सीएम फ्लाइंग की छापेमारी व अधिकारियों की कारस्तानी का पूरा ब्यौरा उपर भेज दिए जाने के बाद संबंधित अधिकारी नींद से जागे। इसके बाद संबंधित अधिकारी शहरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाते व कचरा उठवाते नजर आए। हिसार नगर निगम आयुक्त ने भी पिछले दिनों अपनी देखरेख में अनेक जगहों से कचरा उठवाया व सफाई अभियान चलवाया। मेयर गौतम सरदाना भी कुछ सक्रिय नजर आए।

### तीन जगह से चलेगा सफाई अभियान : मेयर

शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मेयर गौतम सरदाना ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, सीएसआई राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में मेयर ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके तहत शहर में मंगलवार को तीन जगह से सफाई अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसमें सबसे पहले मिल गेट रोड स्थित कैंची चौक से, दूसरा आधार अस्पताल से दिल्ली रोड व तीसरा ढंढूर के पास की जगह शामिल है। इस अभियान में शहर की कुछ संस्थाएं भी भाग लेंगी।

### सीएम के आदेशों के बाद भी नहीं रेंगी कानों पर जूं

भले ही मुख्यमंत्री ने शहरों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दे दिए हों लेकिन प्रदेश में किसी नगरपालिका, नगर निगम या नगर परिषद अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगी। यही कारण रहा कि मुख्यमंत्री के निदेशों पर उच्चाधिकारियों ने सीएम फ्लाइंग के माध्यम से फीडबैक लिया तो खुलासा हुआ कि मुख्यमंत्री के आदेश तो हवा-हवाई हो गए। सीएम फ्लाइंग ने राज्य के हर शहर में एक साथ व एक टाइम पर छापेमारी की तो संबंधित अधिकारियों की नींद खुली।




हिसार। शपथ ग्रहण करते प्रधान विनय बिश्नोई व सचिव गौरव बैनीवाल।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलवाई शपथ

- नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट विनय बिश्नोई ने सबको साथ लेकर चलने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजेश जाखड़ ने बार रूम में दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। हाल ही में हुए चुनाव में एडवोकेट विनय बिश्नोई अध्यक्ष, विनोद कस्वां उपाध्यक्ष, गौरव बैनीवाल सचिव, प्रवीण नैन सह-सचिव व दीक्षेश जाखड़ कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

सोमवार को सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पदभार सम्भाल लिया। इससे पूर्व बार एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान एडवोकेट बंसीलाल व निवर्तमान सचिव मुकेश शर्मा ने पिछले एक साल के कार्यकाल के लेखा-जोखा की जानकारी सांझा करते हुए उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग देने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट विनय बिश्नोई ने सभी को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाते हुए उनके निर्वाचन पर बार एसोसिएशन के एक-एक सदस्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए चैंबर बनवाने की जिस मुहिम की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट मनदीप बिश्नोई ने शुरू करके स्थानीय व उच्च स्तर तक पहुंचाया और उसके बाद पूर्व प्रधान अनेंद्र लौरा के प्रयास और निवर्तमान प्रधान एडवोकेट बंसीलाल के कार्यकाल में भूमि अलॉट हुई है, इस मुहिम को सबके सहयोग से आगे ले जाया जाएगा और जल्द से जल्द अन्य तकनीकियों का समाधान करते हुए हाईकोर्ट बिल्डिंग कमेटी से चैंबर बिल्डिंग के नक्शे की अप्रूवल करवा कर इस पर चैंबर निर्माण शुरू करवाया जाएगा। एडवोकेट बिश्नोई ने कहा कि बार एसोसिएशन के किसी भी अधिवक्ता को वकालत के दौरान आने वाली समस्याओं का तुरंत निदान करवाया जाएगा। बार व बेंच के आपसी सम्बंध और बेहतरीन रखे जाएंगे।

नवनिर्वाचित सचिव एडवोकेट गौरव बैनीवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि किसी भी अधिवक्ता के सामने कोई समस्या न आए। इस अवसर पर सहायक चुनाव अधिकारियों के साथ साथ निवर्तमान पदाधिकारी व बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

### हजारों की नकदी सहित आभूषण चुराए

*हिसार। नजदीकी गांव लुदास में एक मकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी व आभूषण चुरा ले गए। सीसीटीवी में कैद हुई वारदात के अनुसार चोरों की संख्या दो बताई जा रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लुदास निवासी वेद रानी के अनुसार लगभग एक वर्ष पहले उसके पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इससे 15 साल पहले उसके बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह घर पर अकेली ही रहती है। वह कैंसर का इलाज करवा रही है। गत दिवस वह सिरसा के गिगोरानी गांव में शादी समारोह मे गई हुई थी। वापस आई तो घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। वेद रानी के अनुसार अलमारी के लॉकर से एक चेन लॉकेट, सोने की 3 अंगूठी, सोने की 2 कान की बाली, सोने की एक नाक की नाथ और 3 सोने की तीली और चांदी का नारियल 4 सिक्के चांदी और 30 हजार कैश गायब मिले। वेद रानी ने बताया कि घर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए हैं। जब कैमरे चेक किए तो पता लगा कि दो व्यक्ति गेट के ऊपर से घर में एंट्री करते हैं। इसके बाद घर का सारा सामान खंगाला। उन्होंने बताया कि तीन कमरों के ताले टूटे मिले। इस दौरान चोरों ने रसोई के सामान भी चेक किया। वेद रानी का कहना है कि लगभग तीन लाख रुपए के आभूषण व नकदी चोरी हुई है।*

## मैं जिंदा हूं: महीनों से खुद को जिंदा साबित करने में जुटा बुजुर्ग

- फैमिली आईडी में नाम दर्ज करवाने के लिए बुजुर्ग खुद को जिंदा साबित करने के लिए काट रहा दफ्तरों के चक्कर

**हांसी।** सरकारी व्यवस्था भी अजीब है। बिना जांच पड़ताल के किसी भी व्यक्ति को मरा घोषित कर दिया जाता है। फाइलों में मृत व्यक्ति अब खुद को जिंदा साबित करने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहा है। सिसाय पुल के समीप स्थित लक्ष्मण चौतरा कॉलोनी में रहने वाले 68 वर्षीय रामनिवास स्वयं को सरकारी सिस्टम में जिंदा साबित करने के लिए सरकारी अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। रामनिवास ने करीब एक साल पहले फैमली आईडी बनवाई थी। फैमिली आईडी में केवल उसकी पत्नी का नाम ही चढ़ाया गया। जबकि इस फैमिली आईडी में उसको मृत दिखा दिया गया। जब इस बारे में रामनिवास ने सरकारी दफ्तर जाकर पूछताछ की तो उन्हें जवाब मिला कि रामनिवास की तो मौत हो चुकी है। अब रामनिवास स्वयं को जिंदा साबित करने के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग के धक्के खा रहे हैं।

जिस रामनिवास को सरकारी रिकार्ड में मृत घोषित किया गया है उनके नाम से पानी का बिल भी आता है। रामनिवास पब्लिक हेल्थ से रिटायर कर्मचारी है। वे पब्लिक हेल्थ में वाटर रेट इंचार्ज के पद पर तैनात थे। रामनिवास को विभाग से पैंशन भी मिल रही है। इसके बावजूद भी वे फैमिली आइडी में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए पिछले कई महीनों से स्वयं को जिंदा साबित करने में लगे हुए हैं। रामनिवास ने बताया कि करीब तीन महीने पहले उनके पास डीसी कार्यालय से फैमिली आईडी की वेरिफिकेशन के लिए फोन भी आया था। परंतु जब में एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के पास फैमिली आइडी में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए जाते हैं तो उन्हें एक ही जवाब दिया जाता है कि ऑनलाइन रिकार्ड के अनुसार उसकी मौत हो चुकी है।

### खुद को जीवित दिखाने के लिए दादा दुलीचंद ने निकाली थी बरात

*जिंदा बुजुर्ग को मृत बताकर बुढ़ापा पेंशन काटने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने 102 साल के बुजुर्ग दादा दुलीचंद की बारात निकाली थी। आरोप था कि दुलीचंद जिंदा है, फिर भी उसकी पेंशन काट दी गई। बरात निकालने के बाद मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया। इसके बाद कई बुजुर्ग और सामने आए थे, जिनकी पेंशन काटी हुई थी।*

### कर्मचारी बोले, ऑनलाइन करें आवेदन, आधार कार्ड भी अपलोड करें

रामनिवास ने बताया कि वो कई बार हांसी में एसडीएम कार्यालय में बनाए गए फैमिली आईडी अधिकारी के पास जा चुके हैं। उन्हें हर बार केवल आश्वासन मिलता है। सोमवार को भी वे कार्यालय में गए थे परंतु हर बार की तरह आज भी आनलाइन आवेदन करने व आधार कार्ड अपलोड करने के लिए कहा गया है। रामनिवास ने बताया कि उनके नाम से केवल पानी का मीटर लगा हुआ है। अब विभाग द्वारा पानी के बिल के लिए फैमिली आईडी अपडेट किया जा रहा है। इसके चलते उनके पास फैमिली आईडी जमा करवाने के लिए फोन आया था।

रोहतक, मंगलवार
19 दिसंबर 2023
हरिभूमि

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

## क्रिसमस प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



### संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

### आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

---

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

## आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं।

क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...

---

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

## फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस को मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

---

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

---

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन केक्स की रेसिपी।

## क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

### खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

### क्रंची कोको केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/2 कप, कोको पावडर-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-1/2 कप, तेल-1 कप, दूध-1कप, बेकिंग पावडर-2छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, वनीला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** क्रंची कोको केक बनाने के लिए कंडेंस्ड मिल्क, पिसी चीनी और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। उसके बाद इसमें वनीला एसेंस मिला लें। सारी सूखी सामग्री को मिलाकर बड़े बाउल में छलनी से छान लें। इसमें कंडेंस्ड मिल्क, तेल का मिश्रण और आवश्यक्तानुसार दूध मिलाकर फ्लोइंग कंसिसटेंसी का बैटर बना लें। अब केक मोल्ड में तेल लगाकर मैदा बुरकें। इसमें बैटर डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट के लिए रख दें। पूरी तरह बेक होने पर केक को ठंडा करके प्लेट में निकालें और मनचाही गार्निशिंग कर लें।

### मेवा केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

## खबर संक्षेप

### लड़ाई-झगड़े के मामलों में 16 को किया गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने लड़ाई झगड़े के मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों से 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान में सम्बंधित थानों व चौकियों से पुलिस टीमें शामिल रही। अभियान के दौरान हिसार पुलिस के सभी थानों, चौकियों, अपराध यूनिटों से पुलिस टीमों का गठन किया गया।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में भजन संध्या का आयोजन

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में गोविंद गीता परिवार ने भजन संध्या आयोजित की। भजन संध्या में गोविंद गीता परिवार के सदस्यों ने प्रभु के भजन गाकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। बुजुर्ग भावविभोर होकर भजनों पर झूमने लगे। भजन गायकों ने गीतों के माध्यम से गीता के मर्म को भी बड़े सहज भाव से प्रस्तुत किया।

### मूक बधिर छात्राओं को किया जागरूक

**हिसार।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत महिला थाना पुलिस, महिलाओं और छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है। महिला थाना पुलिस ने मूक बधिर छात्राओं को उनके अध्यापक के माध्यम से अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक किया।

### मोहला व भकलाना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का भाजपा नेता ने किया स्वागत

# सरकार नागरिकों को घर बैठे उपलब्ध करवा रही योजनाओं का लाभ : सिंधु

भाजपा नेता ने कहा कि आयुष्मान तथा चिरायु आयु योजना गरीब परिवारों के लिए लाइफ लाइन साबित हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

भाजपा नेता अजय सिंधु ने कहा कि भाजपा की सरकार पिछले 9 वर्षों से प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर काम कर रही है और गरीब परिवारों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की। जिनका लाभ पात्र परिवारों को घर बैठे उपलब्ध करवाया जा रहा है। अजय सिंधु सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोहला तथा भकलाना गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के हल्का प्रभारी जयवीर माजरा, जिला पार्षद विजेंद्र खरब, संजय खरब, बीडीसी सदस्य नीतू रानी, सरपंच धर्मवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



नारनौंद । पात्र परिवारों को रसोई गैस चूल्हे तथा सिलेंडर प्रदान करते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु। फोटो : हरिभूमि

भाजपा नेता सिंधु ने कहा कि आयुष्मान तथा चिरायु आयु योजना गरीब परिवारों के लिए लाइफ लाइन साबित हो रही है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा एक लाख 20 हजार वार्षिक आय वाले परिवारों को पांच लाख रुपए की राशि तक बीमारियों का इलाज निशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को रसोई गैस चूल्हे व सिलेंडर सहित पूरी किट उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि उनकी रसोई को धुआं मुक्त किया जा सके। लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास अजय सिंधु ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले नारनौंद हलके में एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं था लेकिन आज चार महाविद्यालय है। इनमें हजारों छात्र उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनके अलावा शिक्षा के विस्तार को लेकर कई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी खुलवाए गए हैं। हमारा प्रयास हलके का तेजी से विकास करवा कर लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं की प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। 60 वर्ष आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता प्रमाण पत्र भी सोंपे तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत काफी परिवारों को रसोई गैस, चूल्हे व सिलेंडर दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय सिंधु ने उपस्थित जन समूह को भारत की एकता वह अखंडता को बनाए रखना तथा विकसित भारत की संकल्प को साकार करने में योगदान देने की शपथ भी दिलवाई।

#### प्रदर्शनी में लगी स्टॉलों का किया अवलोकन

*मुख्यातिथि अजय सिंधु ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं की हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। प्रदर्शनी स्टॉलों पर नागरिकों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई और उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई और परिवार पहचान पत्र आधार कार्ड आदि प्रमाण पत्रों में त्रुटियों को भी ठीक करवाया।*



हिसार। पशु पकड़ते नगर निगम की पशु पकड़ो टीम। फोटो : हरिभूमि

### नगर निगम ने चलाया पशु पकड़ो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की पशु पकड़ो टीम का अभियान जारी है। सोमवार को टीम ने बस स्टेंड क्षेत्र व सेक्टर 1-4 क्षेत्र में अभियान चलाया और बेसहारा पशु पकड़े। इस दौरान टीम ने 31 बेसहारा पशु पशुओं को पकड़ा। ये सभी पशु बस स्टेंड एरिया व सेक्टर 1-4 से पकड़े गए। सभी पकड़े गए बेसहारा पशुओं को ढंढूर स्थित गौ अभ्यारण में भेजा गया।

## विवाह समारोह के दौरान चोरी हुए आभूषणों व नकदी बरामद

**हांसी।** सीआईए वन की टीम ने 9 दिसंबर को हिसार रोड स्थित एक फार्म में शादी समारोह के दौरान चोरी हुए सोने चांदी के आभूषण व नकदी सहित सारा सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर को हिसार रोड स्थित एक फार्म हाउस पर मोठ निवासी सरबजीत के पुत्री के विवाह समारोह में दो युवकों ने वधू के पिता का आभूषण व नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया था। सीआईए की टीम ने इस संदर्भ में एक नाबालिग सहित मध्यप्रदेश के जिला राजगढ़ के गांव कारिया निवासी सुमित को काबू कर उनके कब्जे से चुराया गया सारा सामान बरामद कर लिया है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपितों को न्यायालय के आदेशानुसार 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था और रिमांड के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 14 तोले सोने के आभूषण व एक मोबाइल फोन सहित बैग में मौजूद सारा सामान बरामद किया गया है।

## श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में पहुंचे अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत

**हिसार।** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण देने के लिए अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत सोमवार को मॉडल टाउन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में भगवान श्री राम के प्रिय श्री हनुमान मंदिर में रखे गए। विश्व हिंदू परिषद से जुड़े संगठनों के सैकड़ों पदाधिकारी व श्रद्धालुगण शोभा यात्रा के साथ इनको लेकर मां संतोषी आश्रम पहुंचे। आश्रम में पहुंचने पर पीठ कमेटी की तरफ से राजमल काजल ने पूजित अक्षत के कलश को फूल माला अर्पण करके ग्रहण किया। पीठ पदाधिकारी सुभाष बंसल, सुशील बुडाकिया, लोकनाथ सिंगल, आरपी गुप्ता, राजेंद्र नांगरू, अशोक बंसल, रमेश चुघ, राकेश नारंग, मदन लाल गोयल, मुकेश व जयप्रकाश ने श्रद्धा व आस्था के साथ अक्षतों पर फूल वर्षा की। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि पूजित अक्षत 31 दिसंबर तक मंदिर में रखे रहेंगे, जिनका 1 से 15 जनवरी तक हर घर में वितरण करके समारोह का निमंत्रण दिया जाएगा और 22 जनवरी को घर-घर में दीपक प्रज्वलित करके भगवान राम में श्रद्धा व आस्था जताने का निवेदन किया जाएगा।



## ज्योति व काफी ने लिया साहसिक गतिविधियों में हिस्सा

- दस दिवसीय साहसिक शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हरियाणा एनएसएस सेल द्वारा आयोजित 10 दिवसीय साहसिक शिविर में विभिन्न जिलों के स्वयंसेवकों, जिला समन्वयकों और कार्यक्रम अधिकारियों ने हिमाचल के मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेई क्षेत्रीय पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। गत 7 दिसम्बर से प्रारंभ हुए इस शिविर में स्वयंसेवकों को रॉक डिसेंडिंग, रैपलिंग, जुमरिंग, फॉरेस्ट ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, रेस्क्यू मैनेजमेंट आदि गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी राकेश शर्मा ने हरियाणा के पॉलिटेक्निक स्तर के एनएसएस स्वयंसेवकों को साहसिक गतिविधियों से परिचित कराने के लिए विशेष प्रयासों से इस शिविर की योजना बनाई। उन्होंने स्वयंसेवकों को संदेश दिया कि उन्हें साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर स्वयं को तन और मन से मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि वे राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दे सकें। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने एनएसएस सेल और राजकीय पॉलिटेक्निक हिसार की प्रतिभागी एनएसएस छात्रा स्वयंसेवकों ज्योति और काफी को बधाई दी। वापसी पर संजय कुमार, सोनू सिंह, अंजलि जागलान और डॉ.घनश्याम माहिया स्वयं सेवक छात्राओं के स्वागत के लिए उपस्थित थे।




हिसार। प्रधानाचार्य अशोक कुमार के साथ प्रतिभागी ज्योति और काफी व अन्य।

### हमारा परिवार के श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा सालासर धाम

**हिसार।** प्रातः काल की अमृत बेला में हमारा परिवार के श्रद्धालुओं का एक जत्था बाबा के पावन जयकारों जय बाबा की, जय श्री राम, जय हो संकट मोचन जी की, जय बाला जी की, जय सालासर धाम की के साथ राजगढ़ रोड पर स्थित मंदिर से हमारा परिवार व केंद्रीय समिति के सदस्य केंद्रीय समिति की अगुवाई में अरदास करके रवाना हुए। पूरे रास्ते बाबा के सुंदर भजनों व जयकारों का गुणगान करते हुए सालासर धाम पहुंचे। श्रद्धालुओं में नरेश आनंद, विनोद गांधी, हिमांशु मेहता, अजय खट्टर, महेश हंस, अशोक नारंग, महेंद्र परुथी, सुशील वधवा, सुरेंद्र कुकरेजा आदि शमिल रहें।

## सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए चलाएंगे जागरूकता अभियान : शर्मा



नारनौंद । बैठक में भाग लेते ब्राह्मण सतरोल खाप के वरिष्ठ लोग। फोटो : हरिभूमि

*नारनौंद। पेटवाड़ रोड पर स्थित परशुराम धर्मशाला में ब्राह्मण सतरोल खाप की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सतरोल ब्राह्मण खाप के प्रधान रामअवतार शर्मा ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण खाप की कमेटी का गठन करना था। इस कमेटी में बिशनलाल गौतम को खाप का संरक्षक बनाया गया। खाप के प्रधान राम अवतार शर्मा ने बताया कि समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए खाप जल्द ही अभियान चलाएगी और लोगों को जागरूक करेगी। खाप का विस्तार करने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नरेश शर्मा बास को वरिष्ठ उप प्रधान बनाया गया है, सचिव सुरेंद्र शर्मा उगालन, उप प्रधान हरी निवास, महेश गौतम व जय भगवान उगालन को बनाया गया। कोषाध्यक्ष सतबीर शर्मा भैणी अमीरपुर को बनाया गया। प्रवक्ता कवल शर्मा सुलचानी, सलाहकार रवि शर्मा पाली, सह कोषाध्यक्ष बलजीत राजथल, दीनदयाल गगन खेड़ी, बहादुर कागसर, सोमेंद्र मौहला, बडछप्पर बलजीत शर्मा, भूपेंद्र सुलचानी, रामपाल शास्त्री, ओम प्रकाश, सतबीर फौजी आदि सदस्य बनाए गए। बैठक में दिनेश व्यास, कुलदीप गौतम, पवन, जगमेंद्र व मंगत राम आदि ने भाग लिया।*

## उच्च शिक्षा को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का एक प्रभावशाली मंच ज्ञान : प्रो. नरसी राम

- बायो नेनो टेक्नोलॉजी फॉर प्रसनलाईज्ड हेल्थ मैनेजमेंट पर पांच दिवसीय ज्ञान कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) देश की उच्च शिक्षा को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का एक प्रभावशाली मंच है।

शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी ज्ञान कायक्रमों के माध्यम से न केवल संबंधित विषयों का कौशल बढ़ाते हैं, बल्कि इस कौशल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। प्रो. नरसी राम बिश्नोई सोमवार को विश्वविद्यालय के बायो एंड नेनो टेक्नोलॉजी विभाग के सौजन्य से बायो नेनो टेक्नोलॉजी फॉर प्रसनलाईज्ड हेल्थ मैनेजमेंट पर शुरू हुए पांच दिवसीय ज्ञान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के नागार्जुन हॉल में हुए इस कार्यक्रम में फलोरिडा पोल्टेक्निक युनिवर्सिटी, यूएसए के डॉ. अजीत कौशिक विदेशी शिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. नीरज दिलबागी हैं। इस कार्यक्रम की स्थानीय समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी हैं तथा सह-समन्वयक प्रो. संदीप कुमार हैं।



हिसार। ज्ञान कार्यक्रम में विदेशी शिक्षक को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो :हरिभूमि

#### भविष्य की योजनाओं को बनाने के लिए मंच : डॉ. कौशिक

विदेशी शिक्षक डॉ. अजीत कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान कार्यक्रम विदेशी विश्वविद्यालयों तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के आपसी तालमेल से भारतीय विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल से अवगत कराने तथा संस्थानों के आपसी सहयोग से भविष्य की योजनाओं को बनाने के लिए मंच पर काम करता है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों से अधिक से अधिक जानकारियां लेने का प्रयास करें। कोर्स कोर्डिनेटर प्रो. नीरज दिलबागी ने अपने संबोधन में बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों के रूप में 36 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 22 दिसंबर तक चलेगा।

#### शोध तथा रोजगार की अपार संभावनाएं

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अति उपयोगी होगा। इस दौरान प्रतिभागी संबंधित विषयों के विभिन्न आयामों से परिचित होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम में शामिल किए गए विषयों नेनो टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, नेनो केरिअर्स, नेनो मेडिशियन्स, नेनो फोमुर्लेशंस, इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री, बायो सेंसर, गैस सैंसर, वीयरेबल सैंसर्स, बायो मेन्स एंड माइक्रो तथा नेनो फेब्रिकेशन आदि के बारे में भी संक्षिप्त जानकारी दी तथा कहा कि इन विषयों में शोध तथा रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

### डाया-स्याहड़वा रोड पर खतरनाक मोड़ों पर नहर किनारे लगवाई मैटल रेलिंग



डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के समक्ष आई मांगों व समस्याओं पर कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नलवा विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र चौधरी ने कहा है कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नलवा हलका दौरा कार्यक्रम के दौरान जो मांगें व सामूहिक समस्याएं डिप्टी सीएम के समक्ष उठाई गई थी, उन पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाईर् शुरू कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने स्याहड़वा गांव के प्रतिनिधिमंडल से सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से बैठक भी करवाई। वीरेंद्र चौधरी ने सोमवार को कहा कि बैठक में सभी तकनीकी पहलुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। जिला स्तरीय अधिकारियों की मौके पर जाकर फिजिब्लिटी रिपोर्ट बनाकर तुरंत ठोस कार्रवाई के लिए भी ड्यूटी लगाई। सभी ने जल्द ही वर्षों पुरानी सिंचाई की इस समस्या का समाधान होने की आशा व्यक्त की।

दौरे के दौरान ही वीरेंद्र चौधरी ने मंगाली-स्याहड़वा रोड़ पर डाया से स्याहड़वा के बीच नहर मार्ग पर लगभग समाप्त हो चुकी रेलिंग की समस्या से उपमुख्यमंत्री को अवगत करवा कर मौके का मुआयना भी करवाया था।

इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए दुष्यन्त चौटाला ने तुरंत विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जिसके चलते गत दिवस रास्ते पर नहर के साथ-साथ मैटल की रेलिंग (मैटल क्रश बैरियर) भी लगा दी गई है।

**तैयारी** पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला 21 से, तैयारियों जोरों पर

# स्वदेशी उत्पादों व हरियाणवी संस्कृति की धूम रहेगी : गोयल

- पांच दिनों तक स्वदेशी व स्वरोजगार मेले की रहेगी धूम, 26 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वदेशी व स्वरोजगार की विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। स्वदेशी जागरण मंच व स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे पांचवें स्वदेशी मेले में स्वदेशी उत्पादों व हरियाणवी संस्कृति की धूम रहेगी। मेले के दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, एकल गीत गान, मेहंदी लगाओ, फैंसी ड्रेस, वेस्ट मेटीरियल से कृति बनाना, समूह नृत्य, रंगोली, एकल नृत्य, नींबू-चम्मच दौड़, भाषण व कविता प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यालयों के तीन हजार से अधिक विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। स्वदेशी मेला व स्वरोजगार मेला प्रमुख अनिल कुमार गोयल, मेला सह प्रमुख संजीव शर्मा, मेला संयोजक भारत मेहरवाल, सह संयोजक मोना जैन, अजीत कुमार व प्रदीप बामल, रोजगार मेला प्रमुख भारत त्रिखा एवं सह प्रमुख योगेश्वर यादव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पांच दिवसीय मेले में हरियाणाभर से कई प्रसिद्ध हस्तियां व कलाकार शिरकत करेंगे। इस दौरान स्वदेशी मेले से संबंधित वर्ष 2024 के टेबल कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक स्वदेशी वस्तुओं की स्टाल लगेंगी और 30 से अधिक न्यू स्टार्टअप दर्शकों को देखने का अवसर मिलेगा। तीन विश्वविद्यालयों द्वारा स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित की जाएगी और विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। स्वरोजगार पर मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन होगा और 30 से अधिक सामाजिक व आर्थिक संगठनों की हिस्सेदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले में सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सेवाएं हर रोज निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी।



हिसार। टेबल कैलेंडर का विमोचन करते स्वदेशी मेला आयोजक मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### दो स्टार नाइट रहेंगी विशेष आकर्षण का केंद्र

*स्वदेशी मेले में स्टार नाइट, संकीर्तन व नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 21 दिसंबर को हरियाणवी स्टार नाइट में एमडी देसी रॉकस्टार, मनीष मस्त व वीनू गौड़ अपनी गायकी से स्वदेशी मेले का मंच गुलजार करेंगे। 22 दिसंबर को हरे रामा-हरे कृष्णा संकीर्तन व मधुरमय सत्संग किया जाएगा। 23 दिसंबर को नशा एक अभिशाप नाटिका व कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। 24 दिसंबर को हरियाणवी स्टार नाइट में महावीर गुड्डू अपने अनूठे अंदाज में हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाएंगे। अयोध्या के श्रीराम मंदिर को समर्पित करते हुए 25 दिसंबर को एक शाम श्रीराम के नाम रहेगी।*

## पुलिस ने 30 ऑटो व ई रिक्शा पर लगाए यूनिक आईडी स्टीकर

**हिसार।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा पर यूनिक आईडी स्टीकर लगा रही है। इसके साथ ही पुलिस बिना रूट परमिट और कागजात के चलने वाले ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा की पहचान भी कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला पुलिस लाइन हिसार में 15 ऑटो व 15 ई रिक्शा को यूनिक आईडी स्टीकर लगाए गए है। इसके अलावा 6 ऐसे ऑटो और ई रिक्शा की पहचान की गई जिनके कागजात पूर्ण नहीं थे। उनका भी पुलिस के पास रजिस्ट्रेशन कर, उन्हें कागजात पूर्ण करने के लिए समय दिया गया है। कागजात पूर्ण उपरांत इन पर भी यूनिक आईडी स्टीकर लगाए जाएंगे। पुलिस ने अब तक कुल 2297 ऑटो रिक्शा और 610 ई रिक्शा पर यूनिक आईडी स्टीकर लगाए हैं।

### रामायण नृत्य नाटिका का किया आयोजन

**बरवाला।** सिविल अस्पताल मार्ग पर स्थित होली होम पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में जीत पैलेस के खुले प्रांगण में रामायण नृत्य नाटिका आयोजित की गई।

**सूचना**

मैं, रीतु पत्नी सुखबीर सिंह निवासी मकान नं. 1484 सेक्टर 16-17 हिसार, हरियाणा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रीतु सिंधु से बदलकर रीतु रख लिया है। भविष्य में मुझे रीतु के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### हिसार को भी टोल नाकों से मुक्त करने की मांग

**हिसार।** हिसार संघर्ष समिति ने हिसार के चारों तरफ लगे टोल नाकों को पूरी तरह से गैर कानूनी व नियमों के विरुद्ध होने का आरोप लगाते हुए इन्हें हटाए जाने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने कहा कि शहर को चारों तरफ से जंजीरों की तरह जकड़े इन टोल नाकों से नागरिकों को लूटा जा रहा है। इससे अभी तक करोड़ों रुपये की अवैध वसूली हो चुकी है। लेकिन बार बार आवाज उठाए जाने के बावजूद शासन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि ये टोल नाके पूरी तरह से अवैध है।

### कांग्रेस की परिवर्तन रैली 30 को बास में

**नारनौंद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलवंत मोर ने बताया कि गांव बास की अनाज मंडी में 30 दिसंबर को हाथ से हाथ जोड़ो परिवर्तन रैली आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश शिरकत करेंगे। रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भाग लेंगे। इसके लिए गांव गांव जाकर लोगों को न्यौता देने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर सूरज सिंह, नरेश उगालन, डॉ. दिलबाग मोठ आदि मौजूद थे।

### इनेलो महिला प्रकोष्ठ की बैठक कल

**हिसार।** इनेलो महिला प्रकोष्ठ की बैठक 20 दिसंबर को सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में प्रातः 10 बजे प्रकोष्ठ जिला प्रधान रमा देवी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला और महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा देवी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। बैठक में जिला में महिलाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

### नौ जरूरतमंद लोगों के फ्री किए नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा आधुनिक तकनीक से 9 जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन फ्री किए गए। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि अब अगला निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 20 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के लिए निशुल्क पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

### स्कूली छात्रों को जर्सियां बांटी

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा के तत्वाधान में व रीजन चेयरमैन राजेश बहार की अध्यक्षता में मॉडल टाउन स्थित गुरु नानक देव सीनियर सेकेंडरी गर्ल्ज स्कूल के जरूरतमंद छात्रों को जर्सियां वितरित की गई। समाजसेवी सुरेन्द्र छिंदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर क्लब के प्रधान मुनीश देव, महासचिव रविन्द्र सचदेवा, कोषाध्यक्ष दुनीचंद गोयल, सुरेन्द्र बजाज, मुकेश बजाज, हरीश छाबड़ा, नरेन्द्र बहार, शिवानी देव आदि उपस्थित रहे।

## एडीसी ने दिया समस्याओं को हल करने का आश्वासन

# भवन निर्माण कामगार यूनियन ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

दस दिन में समस्याओं का हल नहीं हुआ तो फिर से आंदोलन की चेतावनी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

भवन निर्माण कामगार यूनियन ने सोमवार को डीसी कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने बेरिकेट्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को लघु सचिवालय के मुख्य गेट के सामने ही रोक लिया। बाद में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ एडीसी की अध्यक्षता में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में कई स्थानीय मांगों पर सहमति बन गई और दूसरे अन्य मांगों के लिए प्रशासन ने यूनियन से कुछ समय मांगा। इस पर यूनियन के सचिव मनोज सोनी ने कहा कि प्रशासन को 10 दिन का समय दिया जाता है, इस अवधि में एडीसी द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार समस्याओं का हल नहीं होता है तो यूनियन फिर से सड़क पर उतर आएगी। इससे पूर्व भवन निर्माण कामगार यूनियन ने जिला प्रधान राजू बरवाला की अध्यक्षता में आजाद नगर स्थित संत करीब छात्रावास के सामने मैदान पर एकत्रित हुए। वहां से सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। पुलिस ने उन्हें लघु सचिवालय के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए बीच रास्ते में ही बैठ गए। यूनियन नेताओं ने कहा कि जब तक हमारी समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं होगा यहां से नहीं हटेंगे। यूनियन के अनुसार प्रशासन ने बातचीत का न्योता भेजा। इसके बाद बाद में एडीसी की अध्यक्षता में श्रम कल्याण बोर्ड व पंचायत के अधिकारियों के साथ यूनियन के पदाधिकारी की मीटिंग करवाई। यूनियन के सचिव मनोज सोनी ने बताया कि बैठक में निर्माण मजदूरों के 90 दिन के काम की वर्क स्लीप को लेकर एक हफ्ते के अंदर-अंदर सभी अधिकारियों को वर्क स्लीप के लिए वेरीफाई करने के निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।



**हिसार।** लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन कर रहे भवन निर्माण कामगार यूनियन के सदस्यों को बेरिकेट्स लगाकर रोकती पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

### इन्होंने किया संबोधित

प्रदर्शन को सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, सीटू जिला प्रधान सुरेश कुमार, यूनियन के राज्य महासचिव राममेहर सिंह, राज्य उपाध्यक्ष देसराज, रणधीर सातरोड, राकेश गंगवा, विरेंद्र डुर्जनपुर, हांसी उपप्रधान महेंद्र सिंह, रामफल बरवाला, राजेश जुगलान, राधेश्याम, रामकुमार, श्रवण कुमार, किसान जिला प्रधान शमशेर नंबरदार, दिनेश सिवाच, महिला समिति से शकुंतला जाखड़ आदि ने संबोधित किया।

## लुवास प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ प्राध्यापक ने दिया धरना

- प्राध्यापकों के ट्रांसफर रद करके नई नियुक्तियां करने की उठाई मांग

**हिसार।** लुवास प्राध्यापक संगठन ने लुवास प्रशासन पर नकारात्मक रवैया अपनाने व शिक्षकों को परेशान करने का आरोप लगाया है। प्रशासन के रवैये के विरोधस्वरूप संगठन ने दो घंटे सांकेतिक धरना दिया और प्रशासन को सात दिन का समय दिया। कुलपति कार्यालय के समक्ष दिए गए दो घंटे के धरने के दौरान लुवास प्राध्यापक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं पूर्व प्रधान डॉ. अशोक मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों के 294 स्वीकृत पद हैं तथा इस समय 149 प्राध्यापक कार्यरत है। पिछले दो वर्षों से लुवास प्रशासन कोई भी नियुक्ति नहीं कर सका है। प्राध्यापकों की कमी के बावजूद बाहर नए बने पशु विज्ञान केंद्रों पर स्थाई नियुक्ति की जगह, यहां से प्राध्यापकों को मनमाने एवं भेदभावपूर्ण तरीके से बाहर ट्रांसफर किया जा रहा है जो कि गलत है। प्राध्यापक संगठन के अध्यक्ष डॉ. अमित पूनिया ने मांग की कि प्राध्यापकों के ट्रांसफर रद करके तुरंत नई नियुक्तियां की जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में पांच दिन का सप्ताह लागू करने की भी मांग की। पूर्व प्रधान डॉ. संदीप गुप्ता ने कहा कि प्राध्यापकों की बाहर बदली करना गलत है। ऐसे में प्राध्यापकों को बली का बकरा बनाना बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि आज सांकेतिक धरना दिया गया है परंतु आगे कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को सात दिन का समय दिया गया है। इसके बाद राज्य स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




**हिसार।** धरने पर नारेबाजी करते प्राध्यापक। फोटो: हरिभूमि



### सब्जी मंडी एसोसिएशन का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**बरवाला।** सब्जी मंडी एसोसिएशन के तत्वावधान में आढतियों द्वारा सरकार द्वारा थोपे गए एडवांस में लिए जाने वाले एक मुश्त टैक्स को लेकर सब्जी मंडी के प्रांगण में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सब्जी मंडी के इन आक्रोशित आढतियों द्वारा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके रोष प्रकट किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सब्जी मंडी प्रधान ओमप्रकाश रहेजा और सुरेश ढींगडा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक मुश्त फीस जमा करने की तिथि 15 जनवरी तक बढ़ाई है जो कि सरकार द्वारा सब्जी मंडी के आढ़तियों को एक लॉलीपॉप देने का काम किया गया है। सब्जी मंडी के आढती सरकार द्वारा दिए गए इस लॉलीपॉप से संतुष्ट नहीं है। सब्जी मंडी के आढ़ती 20 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल के दौरान सब्जी मंडी पूर्णतया बंद रखेंगे। 20 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल के दौरान सब्जी मंडी बंद की पूरी तैयारियां कर ली गई है और इन तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने एकमुश्त फीस जमा करवाने का निर्णय वापस नहीं लिया तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन कर दी जाएगी। इस अवसर पर आढ़ती बाला तनेजा, सन्नी मेहता, नवीन ढींगडा, सतबीर सैनी, सुनील आनंद, दर्शन लाल, सुरेंद्र भारती, तिलक राज, वेद प्रकाश आनंद व रमेश आदि मौजूद रहे।



### निजी बस संचालकों का आरटीए कार्यालय पर प्रदर्शन

**हिसार।** हांसी-जुलाना रूट पर चलने वाली सहकारी समिति की बसों का समय बदल दिए जाने व कुछ का समय कम कर दिए जाने के विरोधस्वरूप निजी बस संचालकों ने आरटीए कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बस संचालकों ने उपायुक्त को भी ज्ञापन दिया वहीं समस्या का हल न होने पर उच्चाधिकारियों तक जाने की चेतावनी दी। बसों का समय बदल दिए जाने के रोषस्वरूप निजी बस संचालक टाउन पार्क के पास एकत्रित हुए। यहां से वे पैदल ही आरटीए कार्यालय पहुंचे और वहां जाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आरटीए कार्यालय ने अकारण ही हांसी-जुलाना रोड पर चलने वाली बसों का टाइम टेबल बदल दिया है वहीं कइयों के परमिट सस्पेंड कर दिए हैं। उन्होंने इसे भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताते हुए अधिकारियों से मांग की कि बसों को पहले की भांति चलाया जाए। निजी बस संचालक धनसिंह ने बताया कि उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही है। उनकी समय सारणी 20-20 मिनट के हिसाब से बनाई गई है, जबकि उनकी बसें ग्रामीण एरिया में अधिक है, जबकि सरकारी बसों की सेवा 40-40 मिनट की समय सारणी के अनुसार है। उन्होंने 30-30 मिनट के चक्कर की समय सीमा की जानी चाहिए।

## समाजसेवी विजय कौशिक को पांचवें जयनारायण वर्मा सम्मान-रजतपत्र से किया सम्मानित

**हिसार।** श्री जयनारायण वर्मा स्मारक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पूर्व विधायक एवं हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग मंडल के पूर्व अध्यक्ष जयनारायण वर्मा की स्मृति में सर्वोदय भवन में श्रद्धांजलि व स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लुवास के कुलपति डॉ. विनोद वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपिस्थत रहे जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता पीके संधीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में समाज कल्याण व जनहित के उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति विजय कौशिक को पांचवें जयनारायण वर्मा सम्मान-रजतपत्र से अलंकृत किया गया। उन्हें पगड़ी व सूत की माला पहनाकर शॉल, पौधा व प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कुलपति डॉ. विनोद वर्मा ने कहा कि महान विभूतियां इस नश्वर संसार को त्यागने के बाद भी प्रेरणा स्त्रोत बनी रहती हैं। स्वर्गीय जयनारायण वर्मा के सद्कार्य वर्तमान समय में भी हजारों लोगों को बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता पीके संधीर ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए स्व. जयनारायण वर्मा से जुड़े संस्मरण सांझा किए। ट्रस्ट मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने स्वागत भाषण देते हुए जयनारायण वर्मा स्मारक चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना एवं उसकी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश में आपातकाल के दौरान सर्वोदय से जुड़े जयनारायण वर्मा 19 महीने जेल में रहे। अलंकरण समारोह में इतिहासकार डॉ. महेंद्र सिंह ने अभिनंदन पत्र पढ़कर विजय कौशिक की उपलब्धियों व जनहित के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।



**हिसार।** विजय कौशिक को जयनारायण वर्मा रजतपत्र सम्मान से अलंकृत करते कुलपति डॉ. विनोद वर्मा व वरिष्ठ अधिवक्ता पीके संधीर। *फोटो: हरिभूमि*

### सीवरेज लाइन में लगाए धांधली का आरोप

**हांसी।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्रेमनगर के लोगों ने गांव में बिछाई जा रही सीवरेज लाइन में धांधली और घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि 35 साल बाद गांव में सीवरेज की लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ है, लेकिन इस काम में ठेकेदार द्वारा अनियमितताएं बरती जा रही हैं। जिसे ग्रामीण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बिछाई जा सीवरेज लाइन के पाइपलाइन का लेवल सही नहीं है। कहीं पर लेवल ऊंचा तो कहीं पर नीचा तो कहीं आढ़ा-टेढ़ा बनाया हुआ है और सीवरेज लाइन में कनेक्शन के लिए बनाए गए गड्ढों की सीमेंट भी गिरने लगी है। ठेकेदार ने अपनी गलती को छुपाने के लिए दोबारा से प्लास्टर किया। जिसके बाद ठेकेदार के ऐसे काम को देखकर लोगों का गुस्सा बढ़ गया और सीवर लाइन में की जा रही धांधली को लेकर आवाज उठाई।

## डॉ. बीआर अंबेडकर सभा के प्रधान बने रघुवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

डॉ. बीआर अंबेडकर सभा के चुनाव परिणाम की रविवार को घोषणा हो गई। रणधीर सिंह रिटनिंर्ग अधिकारी आम चुनाव डॉ. बीआर अंबेडकर सभा ने चुनाव परिणाम की घोषणा की। इसमें रघुवीर सिंह सुंडा को प्रधान, आरआर नहलिया उपप्रधान, सतबीर सिंह सभ्रवाल महासचिव और रोहतास छाछिया कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारिणी सदस्यों में सतवीर सिंह माथुर, धर्मवीर सिंह सेलवाल, होशियार सिंह मुवाल, दीप कुमार, दलबीर सिंह, सुभाष चंद्र, सुरेश चंद्र, महाबीर सिंह, रविंद्र कुमार, संतोष कुमार जाखड़, रतन कुमार आर्य एवं पृथ्वी सिंह बराड़ चुना गया। इस अवसर पर समारोह का आयोजन करके सभी निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गई। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा हिसार के प्रधान एसपी चालिया ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रशासक प्रो. करतार सिंह, किशोर दहिया एडवोकेट, रणधीर सिंह रिटनिंर्ग अधिकारी, कश्मीर लाल चुनाव अधिकारी, वेद प्रकाश खिंची एवं जगदीश चंद्र ने उत्कृष सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मियां सिंह, चंद्रभान होशियार सिंह मुवाल, राजकुमार मुवाल, पवन तुंदवाल एडवोकेट, महाबीर सिंह, छोकर एडवोकेट, दर्शन सिंह, रविंद्र चौहान, सुशील महिपाल, रेखा रानी, रणधीर मैडल, नरेंद्र पाल, बलवान सिंह, राजबीर, धर्मपाल, राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे।



**हिसार।** डॉ. बीआर अंबेडकर सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व अन्य।

## खेलो मास्टर गेम्स में मास्टर एथलीट जयकुमार शर्मा ने झटके पांच पदक

- तीन गोल्ड, एक सिल्वर व एक कांस्य पदक जीतकर किया गौरवांवित

**हिसार।** दिल्ली में आयोजित तीसरे खेलो मास्टर गेम्स 2023 कॉमनवेल्थ खेल गांव के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सफलतापूर्वक हुए। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में समस्त देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अनेक महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इन खेलों में 30 वर्ष से 90 वर्ष आयुवर्ग के अनेक खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु वर्ग में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 61 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट जयकुमार शर्मा ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मास्टर एथलीट व भूतपूर्व एसडीओ जयकुमार शर्मा ने 800 मीटर, चार गुणा 100 व चार गुणा चार सौ रिले रेस में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल, 400 मीटर में सिल्वर व 200 मीटर में ब्राज मेडल जीतकर प्रदेश का भी दिल जीत लिया है। कुल 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करके हरियाणा के साथ-साथ अपने परिवार, गांव व शहर का नाम भी गौरवान्वित किया। जयकुमार शर्मा मूल रूप से चरखी दादरी के गांव सावंड़ निवासी हैं और वर्तमान में मेला ग्राउंड सेक्टर 21, हिसार में सपरिवार रहते हैं। वे निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और विभिन्न पदक जीतकर मास्टर एथलीट के तौर पर पहचान बनाए हुए हैं।



## पुलिस ने चलाया सीलिंग प्लान अभियान

- 1397 वाहनों को चेक कर 131 वाहनों के चालान कर 3 को किया इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने नाकों पर जाकर पुलिस द्वारा जा रही कार्रवाई का अवलोकन किया और पुलिस कर्मचारियों को पूरी सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने 36 स्थानों पर नाकाबंदी करके 1397 वाहनों को चैक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 131 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने सोमवार को सीलिंग प्लान के दौरान बिना हेलमेट के 12, बिना सीट बेल्ट के 10, ओवरस्पीड के 14, नो पार्किंग का 1 चालान व अन्य यातायात के नियम तोड़ने वालों के 84 चालान किए गए। बिना कागजात के मिले 3 वाहनों को इंपाउंड किया गया। सीलिंग प्लान के दौरान 15 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।



**हांसी।** सीलिंग प्लान के दौरान नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते एसपी मकसूद अहमद। *फोटो: हरिभूमि*




**हिसार।** आम सभा में उपस्थित हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ के पदाधिकारी।

## डूडी प्रधान व शर्मा बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ हिसार इकाई की वार्षिक आम सभा व नई कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार को जाट धर्मशाला में आयोजित की गई जिसमे राजबीर डूडी को प्रधान, रोहतास शर्मा को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई साथ ही सुधीश नागपाल को सह सचिव, विकास बगोरिया को उप प्रधान, नवदीप गांधी को कोषाध्यक्ष तथा अजय गोदारा को कार्यालय सचिव मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह ने की। उन्होंने विश्वास जताया कि नव गठित कार्यकारिणी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतरीन तरीके से करेगी।

इस अवसर पर अमित खन्ना, प्रमोद धतरवाल, सुरेंद्र मावलिया, अमित भूटानी, प्रदीप नागपाल, राजेश पूनिया, गौरी शंकर, अनिल बिश्नोई आदि मौजूद थे।

## रोटरी सेंट्रल हिसार ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी स्वेटर

**हिसार।** सामाजिक संस्था रोटरी सेंट्रल हिसार के तत्वावधान में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी रोहिला के प्रांगण में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वेटर वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी सेंट्रल हिसार के प्रधान रोटेरियन राकेश महता ने किया और प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेश चावला व को-प्रोजेक्ट चेयरमैन रविंद्र कत्याल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के 80 जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित की गई। इस अवसर पर क्लब के सचिव विनोद आहूजा, मदन महता, अमर महता, अशोक ग्रोवर, संजय ठकराल व नवीन खुराना भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### कुलपति ने किया शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम का उद्घाटन

# खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कही। कुलपति ने वातानुकूलित जिम का उद्घाटन कर इसमें जुटाई गई समस्त सुविधाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने गिरी सेंटर में स्थापित टेबल टेनिस, लोन टेनिस, सिनथेटिक्स एथलीट ट्रेक, बॉक्सिंग, फुटबाल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता।



**हिसार।** बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को होगी उपलब्ध

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने उपरोक्त जिम में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम के कार्डियो सैक्शन में ट्रेडमिल, क्रॉस ट्रेनर शामिल है, जबकि स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग में मल्टीप्रेस, सीटिंग रो, लेग इक्सटेंशन, बाई सेप कर्ल, लेग प्रेस, चेस्ट प्रेस, हिप संबंधित व्यायाम के लिए मशीनें उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के साथ जिम में विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी।

### जन संवाद कार्यक्रम में लगेंगे बिजली निगम के कैंप

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जन शिकायतों के जन संवाद निवारण कार्यक्रम के दौरान बिजली संबंधी शिकायतों, नए कनेक्शन, नाम बदलवाने, लोड बढ़ाने या घटाने, बिल संबंधी विवाद और बिजली की अन्य शिकायत का शीघ्र समाधान किया जाएगा। मुख्य अभियंता वाणिज्यिक (कमर्शियल) अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने भी आम जनता की विद्युत संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर (कैंप) आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।